<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 02.05.2023 को जनपद में अपराधियों के विरूद्व व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः-

- थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त अखिलेश पुत्र राजकिशोर नि0 जुगराजपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के कब्जे से 16 क्वाटर देशी शराब ब्राण्ड ट्रविन टाँवर नाजायज बरामद कर गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना रनिया पुलिस द्वारा अभियुक्त टैंकर वाहन संख्या PB 03 W 9935 का चालक रोहित पाल पुत्र लालाराम नि0-बड़हन पुरवा थाना-शिवली कानपुर देहात को वादी के पिता मो0 इस्लाम थ्री व्हीलर आटो संख्या UP 77 AT 1801 से रनियां से ग्राम करचल अपने घर जाते समय रास्ते पर वाहन संख्या PB 03 W 9935 टैंकर के चालक द्वारा टैंकर तेजी व लापरवाही एवं नशे की हालत से चलाकर आटो UP 77 AT 1801 में टक्कर मार देना जिससे वादी के पिता मो0 इस्लाम की मौके पर ही मृत्यु हो जाना व आटो में बैठी और सवारियों का भी गम्भीर रुप से घायल हो जाने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- जनपद मे शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 14 व्यक्तियों का चालान धारा 151 द0प्र0सं0 में किया गया। जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना रुरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना सट्टी पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना डेरापुर पुलिस द्वारा 06 व्यक्तियों, का धारा 151 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत चालान किया।